## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
2. स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा—द्वीपों के उप–राज्यपाल कल सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे।
3. विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन किए गए हैं।
4. अंडमान निकोबार कमान की ओर से आज शाम फ्लैग प्वाइंट में लाइव बैंड कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल सुबह 7 बजे से दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण और देश के नाम संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसे सुबह छह बजकर पच्चीस मिनट से दूरदर्शन केन्द्र, श्री विजयपुरम अपने यू–ट्यूब चैनल पर प्रसारित करेगा। नेताजी स्टेडियम से राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सजीव प्रसारण सुबह आठ बजकर पचास मिनट से किया जाएगा। शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। इसके अलावा, कल रात आठ बजे और सोलह अगस्त को सुबह आठ बजे प्रधानमंत्री के संबोधन का पुनः प्रसारण होगा। आकाशवाणी, श्री विजयपुरम कल सुबह आठ बजकर पचास मिनट से द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी द्वारा नेताजी स्टेडियम से ध्वजारोहण और द्वीपवासियों के संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा।

<><><><><><>

स्वंतत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के देश के नाम संदेश के चलते आज शाम का प्रादेशिक समाचार 7 बजकर 5 मिनट के बजाय शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री के संबोधन को देखते हुए कल सुबह का प्रादेशिक समाचार भी सुबह 7 बजकर 5 मिनट के स्थान पर 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><>

80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। द्वीपों के तीनों जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर एक साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। साथ ही प्रशासन के दिशा–निर्देश के अनुसार अन्य विभागों से भी अपने–अपने परिसर में समारोह आयोजित करने की अपील की गई है।

उधर, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वी. वेट्रीवेलु वार्ड नम्बर सात में सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पाल गोविन्द नगरपालिका परिषद विद्यालय में सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर और अध्यक्ष एम. वसंता नगरपालिका परिषद कार्यालय परिसर में सुबह 7 बजे ध्वजारोहण करेंगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा द्वीपसमूह में बनाए गए दो ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के उपलक्ष्य में कल लोक निवास में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने गोताखोरों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और पर्यटन हितधारक उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने समुद्री पर्यटन के क्षेत्र में द्वीप समूह की अपार संभावनाओं और डाइविंग गतिविधियों के

माध्यम से हासिल किए गए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में, द्वीप समूह को एक वैश्विक डाइविंग गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए भारत सरकार की 'डेस्टिनेशन डेवलपमेंट स्कीम' को एक प्रस्ताव सौंपा गया है। इस पहल का मुख्य ध्यान डाइविंग गतिविधियों से जुड़े सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ–साथ जेटी और नाव मरम्मत सुविधाओं जैसे भौतिक बुनियादी ढांचे में सुधार करने पर होगा।

<><><><><><><>

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस अवसर पर देश वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले और असहनीय पीड़ा झेलने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दे रहा है।

संस्कृति मंत्रालय की ओर से आज के दिन को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। इस संबंध में, द्वीपों में कला एवं संस्कृति निदेशालय आज सुबह साढ़े नौ बजे से टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के इतिहास के इस दुखद अध्याय के दौरान अनगिनत लोगों द्वारा सहे गए भारी कष्ट और दर्द को याद करना है। विभाग ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज शाम साढ़े चार बजे से साढ़े पांच बजे तक फ्लैग प्वाइंट में सेना और नौसेना द्वारा देशभक्ति पर आधारित लाइव बैंड कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी के लिए खुला रहेगा। भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और जहाजरानी सेवा निदेशालय के जहाजों पर आज और कल शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात दस बजे तक मरीन फ्लैग प्वाइंट के सामने खड़े जहाजों पर रोशनी की जगमगाहट और कल जहाजों में शाम पांच बजकर उनतालीस मिनट पर एक साथ रंग–बिरंगे फ्लेयर्स के साथ फायरिंग की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के दौरे पर आए भारतीय रक्षा लेखा सेवा 2025 बैच के 12 प्रशिक्षुओं के एक दल ने अंडमान निकोबार कमान के अपने त्रि–सेवा कमान अटैचमेंट के तहत कल लोक निवास में उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी से शिष्टाचार मुलाकात की।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कल क्षेत्रीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण संग्रहालय आगंतुकों के लिए बंद रहेगा। यह संग्रहालय अगले कार्य दिवस में नियमित रूप में कार्य करेगा।

<><><><><><><>

'स्वतंत्रता दिवस समारोह' को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय बम्बूफ्लाट और इसके आसपास के यात्रियों की सुविधा के लिए फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त जलयान सेवाएं संचालित करेगा। यह सेवाएं कल सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच संचालित होगी ।

<><><><><><><>

BTED द्वारा संबद्ध फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन और फूड प्रोडक्शन कार्यक्रमों के लिए इच्छुक उम्मीदवार श्रेणी I, II, III तथा IV के तहत कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल आज से 16 अगस्त, तक खुली रहेंगी। परामर्श 17 अगस्त सुबह 10 बजे से डीब्रेट के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। इसके लिए छात्रों का पंजीकरण कार्य सुबह 9 बजे से 10 बजे तक चलेगा। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

<><><><><><><>